RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई :मंगलवार, 14 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 281 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## कृषि मंत्री सत्तार पर भड़के आदित्य ठाकरे, किसान-आत्महत्या पर दिया था ये शर्मनाक बयान



**मुंबई** : जहां एक तरफ महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने किसानों की आए दिन हो रही आत्महत्या को लेकर एक बड़ा ही सनसनीखेज बयान दिया है।वहीं उनके इस बयान पर अब शिवसेना के उद्धव गुट के युवा सेना अध्यक्ष आदित्य ठाकरे भी लामबंद हो गए हैं। दरअसल कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि किसानों की आत्महत्या कोई बड़ी और नई बात नहीं है और ऐसी घटनाएं कई सालों से होती आ रही हैं। बता दें कि, हाल ही में सत्तार के निर्वाचन क्षेत्र सिल्लोड़ में किसानों ने आत्महत्या की थी, जिसके बाद पत्रकारों ने इस मुद्दे पर उनकी टिप्पणी मांगी थी। वहीं कृषि मंत्री सत्तार के इस बयान पर आदित्य ठाकरे बोले कि, कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने परेशान किसानों के पक्ष में कुछ नहीं कहा है और पहले एक महिला सांसद के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। ये मंत्री अपने पद से जुड़े हैं, अपने काम से बिल्कुल नहीं।

# उद्धव ठाकरे को लगा एक और झटका

### करीबी नेता के बेटे ने थामा शिंदे गुट का दामन



**मुंबई :** शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न हाथ से जाने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को एक और बड़ा झटका लगा है. उनके करीबी और ठाकरे (यूबीटी) गुट के बड़े नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण देसाई सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं. आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले भूषण देसाई के शिंदे गुट में जाने को अहम कदम माना जा रहा है. भूषण देसाई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिंदे खेमे में शामिल हुए. भूषण पर विधानसभा सत्र में टक्ळ्ळ जमीन घोटाले मामले में आरोप लगे थे. जिसके लिए सरकार ने जांच के आदेश भी दिए थे.

**भूषण देसाई के पिता ठाकरे परिवार के करीबी**

भूषण देसाई के पिता सुभाष देसाई ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाडी (एमवीए) शासन के दौरान उद्योग और खनन मंत्री के रूप में कार्य किया था. सुभाष देसाई को ठाकरे परिवार का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है. हाल ही में उद्धव ठाकरे को उस वक्त बड़ा झटका लगा था जब चुनाव आयोग ने शिवसेना का नाम और सिंबल एकनाथ शिंदे के गुट को देते हुए उन्हें असली शिवसेना माना था.

**शिंदे गुट को माना गया असली शिवसेना**

उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग के फैसले का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी. सुप्रीम कोर्ट ने 22 फरवरी को मामले की सुनवाई करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना मानने और पार्टी का नाम और सिंबल आवंटित करने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. कोर्ट ने ठाकरे गुट को अगले आदेश तक शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम और 'जलती मशाल' के चुनाव चिह्न को रखने की अनुमति दी थी.

## बीमार मां की दवा लेने गई नाबालिग लड़की के साथ दो बार किया गैंगरेप

### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मुंबई,** मुंबई से नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. इस मामले को लेकर बांद्रा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सूत्रों ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की घटना दो मार्च की रात करीब 01:00 बजे हुई. नाबालिग लड़की अपनी बीमार मां के लिए दवाई लेने मेडिकल स्टोर जा रही थी, उस वक्त दो लोगों ने नाबालिग लड़की को किडनैप किया और उसे विरार लेकर गये, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. पीड़ित नाबालिग लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

**नशीला लिक्विड पिलाकर किया अपहरण**

पीड़ित नाबालिग लड़की की उम्र 17 साल है और उसकी मां बांद्रा स्थित भाभा अस्पताल में एडमिट है, जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस को दिये अपने बयान में नाबालिग लड़की ने बताया कि वो मुंबई के एक हॉस्टल में रहती है और उस दिन बांद्रा के भाभा अस्पताल के पास ही आरोपी ने उसे पहले कुछ नशीला लिक्विड पिलाया और फिर विरार में कहीं ले जाकर दोनों ने दुष्कर्म किया.

**आरोपियों ने दोबारा से किया दुष्कर्म**

दुष्कर्म के बाद जब नाबालिग लड़की को होश आया और उसने उसके साथ हुई हरकत के बारे में पूछा. इस पर एक आरोपी ने उसे थप्पड़ मारा और धमकी देते हुए कहा कि अगर वो इस घटना के बारे में किसी से कुछ बताएगी तो उसे और उसकी मां दोनों को जान से मार दिया जाएगा. इतना धमकाने के बाद आरोपियों ने लड़की के साथ दोबारा से दुष्कर्म किया. आरोपियों ने इस बार उसका वीडियो बनाया और उसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने की धमकी दी.

## मुंबई के मलाड की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग



**मुंबई,** मलाड इलाके की अप्पा पाड़ा की झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई. घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और युद्धस्तर पर आग बुझाने का काम कर रही हैं. ये घटना शाम करीब 5 बजे के आसपास की है. झुग्गियों में जो आग लगी है उसका लेवल 3 बताया जा रहा है. मुंबई में आज आग लगने की ये दूसरी घटना है. झुग्गी बस्तियों में आग लगने का कारण सिलिंडर ब्लास्ट बताया जा रहा है. ये आग मलाड के आनंद नगर के स्लम इलाके में लगी है. वहीं, इससे पहले मुंबई के ही ओशिवारा इलाके की मार्केट में आग लगने की खबर आई थी जो मुंबई के जोगेश्वरी पश्चिमी इलाके के ओशिवारा के एक फर्नीचर बाजार में लगी थी. बीएमसी ने यहां भी आग के लेवल को 3 बताया था.

## मुंबई में ओशिवारा मार्केट में लगी भीषण आग, कई फर्नीचर की दुकानें जलकर खाक

**मुंबई,** मुंबई के ओशिवारा के एक बाजार में आग लग गई है. घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता देखा जा रहा है. दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने के प्रयास जारी हैं. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है. इसका एक वीडियो भी सामने आया है. मौके पर 6 जंबो टैंकर भी मौके पर मौजूद हैं. मुंबई के जोगेश्वरी पश्चिमी इलाके के ओशिवारा के एक फर्नीचर बाजार में भयंकर आग लग गई है. बीएमसी ने आग को 3 लेवल का बताया है.

अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. सोशल मीडिया यूजर्स ने आग की घटना के कई वीडियो शेयर किए हैं. मिली



जानकारी के अनुसार जोगेश्वरी के फर्नीचर गोडाउन में लगी आग काबू में है.

लकड़ी के गोदाम और फर्नीचर की दुकान होने की वजह से आग की तीव्रता काफी तेज थी. दमकल की 12 से 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं हुई है और करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया है. इस आग में 20 से 25 फर्नीचर की दुकानें जलकर खाक हो गई हैं. फिलहाल दमकल की ओर से कूलिंग की प्रक्रिया जारी है.

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, जोगेश्वरी इलाके में रिलीफ रोड पर स्थित घास परिसर में सुबह 11 बजे के बाद आग लगी. अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही कम से कम 12 दमकल गाड़ियां, छह जंबो टैंकर, एंबुलेंस और वरिष्ठ दमकल अधिकारी मौके पर पहुंचे. वहीं, एक अधिकारी ने बताया, 'आग फर्नीचर बाजार तक ही सीमित रही.' अधिकारी के मुताबिक, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है.

## पूर्व मंत्री हसन मुशरिफ ने उच्च न्यायालय का किया रुख



**मुंबई** : महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता हसन मुशरिफ ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मंगलवार को याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गई। कोल्हापुर के कागल विधानसभा क्षेत्र से विधायक मुशरिफ राज्य की पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री थे।

## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### संसद में घमासान

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज आगाज होते ही सदन में हंगामा मच गया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरने की कोशिश की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल से देश को लंदन में बदनाम करने के लिए सदन से माफी मांगने को कहा।

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक बार फिर शुरू होते ही स्थगित हो गई। 2 बजे के बाद राहुल के लंदन में दिए बयान को लेकर लोकसभा में फिर हंगामा मचता रहा और ह्यराहुल माफी मांगोंह्व के नारे, जिसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा द्वारा राहुल गांधी से माफी मांगने की बात का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले पीएम मोदी ने भी कई बार विदेशों में ऐसे बयान दिए। मोदी ने चीन में भी भारतीय लोकतंत्र खतरे में होने की बात कही थी। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी कई मुद्दों को लेकर इस सत्र में सरकार को घेरने की कोशिश करेगी। इसको लेकर पार्टी ने संसदीय रणनीति पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी की। इस बैठक में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर चौधरी और पार्टी के सांसदों ने भाग लिया। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने का बयान सामने आया है। खरगे ने कहा कि हम इस सत्र में बेरोजगारी, महंगाई और विपक्षी नेताओं के खिलाफ छापेमारी के मुद्दे को उठाएंगे। खरगे ने इसके लिए 16 विपक्षी पार्टियों के साथ बैठक भी की। केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग के खिलाफ संसद के बाहर आम आदमी पार्टी और बीआरएस सांसदों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बीच आज संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का बजट पेश करेंगी। जम्मू-कश्मीर बजट की प्रतियां संसद में पहुंच चुकी हैं। बजट सत्र के इस चरण में कुल 17 बैठकें होनी है, जिसके चलते यह 6 अप्रैल तक चलेगा। सरकार इस चरण में कई वित्त विधेयक और लंबित बिलों को पास कराने की तैयारी में है। हालांकि, हंगामे के चलते इसपर कितनी चर्चा हो पाती है ये देखना बाकी है। वर्तमान में राज्यसभा में 26 और लोकसभा में 9 विधेयक पास होने के लिए लंबित हैं। राज्यसभा के शांतिपूर्ण कार्यवाही चलाने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ ने बीते दिन सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई। बैठक में सभी नेताओं से नियम और प्रक्रियाओं के अनुसार सदन में चर्चा करने को कहा गया। सभापति ने सभी पार्टियों से सदन की गरिमा बनाए रखने की भी अपील की। बैठक में सदन में होने वाले हंगामे को रोकने के लिए नेताओं के विचार मांगे गए हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र के प्याज किसानों के लिए सीएम एकनाथ शिंदे ने किया बड़ा एलान, प्रति क्विंटल सरकार करेगी मदद

**मुंबई,** पिछले कुछ दिनों से राज्य भर के थोक बाजारों में प्याज की गिरती कीमतें चिंता का विषय बनी हुई हैं. किसानों को प्याज के दाम कम मिलने से किसानों में रोष है. परिणामस्वरूप किसानों का आक्रोश बढ़ा और इसने विधान परिषद और विधानसभा में चल रहे महाराष्ट्र के बजट सत्र को भी हिलाकर रख दिया. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज विधानसभा में राज्य में संकटग्रस्त प्याज किसानों को राहत देने के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. सीएम ने कहा कि इस फैसले से प्याज उत्पादक किसानों को बड़ी राहत मिलेगी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'देश के प्याज उत्पादन



में हमारी 43 फीसदी हिस्सेदारी है. हालांकि, दूसरे राज्यों में प्याज का उत्पादन बढ़ने से समस्या पैदा हो गई है. देश में, आपूर्ति की तुलना में मांग कम है. इसलिए, प्याज की कीमत गिर गई है. देश में प्याज का उत्पादन, उसकी घरेलू मांग और देश से निर्यात आदि सभी बाजार में प्याज की कीमत को प्रभावित करते हैं. उत्पादक किसानों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक समिति नियुक्त की गई थी. समिति ने 200 रुपये और 300 रुपये प्रति क्विंटल की सिफारिश की थी. लेकिन मुख्यमंत्री ने बताया कि यह सरकार प्याज किसानों के साथ खड़ी रहेगी और उन्हें राहत देने के लिए उन्होंने 300 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी देने का फैसला किया है. यह अब तक की सबसे ज्यादा मदद है.

# पिकअप एवं स्कूटी में टक्कर, एक चालक की मौत




**वसई :** वालीबव पुलिस स्टेशन अंतर्गत भिवंडी- चिंचोटी मार्ग पर पिकअप एवं स्कूटी में टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य जझमी हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्मार्टम हेतु भेज दिया है।

पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पूर्व के शिलोत्तर गांव स्थित भिवंडी-चिंचोटी मार्ग पर 11 मार्च दोपहर लगभग 3 बजे के आसपास तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार संजय दुधानी के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई, जबकि अजय पताडे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी .

# महाराष्ट्र: ठाणे अदालत का MCOCA के आरोपी को जमानत से इनकार, 16 लोगों की याचिका खारिज



**ठाणे :** ठाणे जिला अदालत ने हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तथा महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून के तहत गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति और उसके दो बेटों सहित 16 लोगों की जमानत खारिज कर दी है।

विशेष अदालत के न्यायाधीश अमित शेटे ने कहा कि याचिकाकताओं के पास जमानत का कोई वाजिब आधार नहीं है। छह मार्च को पारित आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध करायी गयी। आरोपी ने 13 नवंबर, 2022 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ में कल्याण डोंबिवली नगर निगम के लिए चुनाव लड़ने से रोकने के कारण एक व्यक्ति पर कथित रूप से हमला किया था। याचिकाकताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने यह कहते हुए आरोपी की वैधानिक (डिफॉल्ट) जमानत का अनुरोध किया कि आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है। आरोपी ने वैधानिक जमानत मांगी थी। विशेष लोक अभियोजक विनीत ए. कुलकर्णी ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि अभियुक्त जमानत के योग्य नहीं है क्योंकि अभियोजन पक्ष ने निर्धारित अवधि में आरोपपत्र दाखिल करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया था।

# 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों को लेकर भारत ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

**मुंबई,** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के परिवारों को न्याय दिलाने में पाकिस्तान ने अभी तक ईमानदारी नहीं दिखाई है. 2021-2022 के लिए विदेश मंत्रालय की व्यापक वार्षिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है. विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का लगातार रुख यह है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे को आतंकवाद और हिंसा से मुक्त माहौल में द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए. Pakistan भारत की कूटनीति पाकिस्तान पर पड़ी भारी, बिलावल भुट्टो ने खुद माना 'कश्मीर मुद्दा' उठाने में फेल हुआ पाक. रिपोर्ट



में कहा गया है कि पाकिस्तान के नेताओं ने अपनी घरेलू राजनीतिक और आर्थिक विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए अपने घरेलू मामलों सहित भारत के खिलाफ नफरत भरे बयानों में कोई राहत नहीं दिखाई है.

### मुंबई में सिग्नल तोड़कर भाग रहा था बाइक सवार, रोकने पर ट्रैफिक पुलिस के साथ की मारपीट

वैसे तो मुंबई का ट्रैफिक 24 घंटा व्यस्त ही होता है. हमेशा गाड़ियों की तादाद लगी ही रहती है. इसी दौरान एक खबर कुर्ला इलाके से आई है. जहां बाइक सवार दो शख्स सिग्नल तोड़ कर भाग रहे थे. इस पर ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने जब विरोध जताया तब वह दोनों शख्स उस कांस्टेबल के साथ मारपीट शुरू कर दी. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. खबर के मुताबिक यह घटना मुंबई के कुर्ला इलाके का है. बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो शख्स सिग्नल तोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे. इस पर ट्रैफिक कांस्टेबल ने दोनों शख्स को रोकने की कोशिश की. इसके बाद दोनों शख्स ने गाड़ी रोक कर उस कॉन्स्टेबल से ब हस बाजी शुरू कर दी. धीरे-धीरे बात बढ़ता गया और अंजाम यह हुआ कि उन लोगों ने कॉन्स्टेबल के साथ गाली गलौज और फिर मार पिटाई शुरू कर दिया.

### ट्रैफिक कांस्टेबल के साथ किया मारपीट

घटना 11 मार्च शाम 6 बजे की है. मुंबई के कुर्ला छइर मार्ग पर बस डिपो के पास के सिग्नल पर ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने एक बाइक चालक को सिग्नल जंप करने के मामले में रोका तो उसने कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट की.



## मुंबई शहर सहित पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के अधिकांश हिस्सों में पारा ४० डिग्री तक पहुंचने की संभावना



**मुंबई :** मौसम के उतार-चढ़ाव ने मुंबई के लोगों को परेशान कर रखा है। बीते दो दिनों से भीषण गर्मी मुंबई को झुलसा रहा है। इसकी आंच से मुंबईकर भी तप रहे हैं। रविवार को शहर का तापमान ३९.४ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस साल शुरू हुए गर्मी के बीच कल तीसरा सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। पिछले सप्ताह हुई बेमौसम बारिश की वजह से उमस का सामना करनेवाले मुंबईकरों को अब अगले दो दिन लू का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने मुंबई शहर सहित पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के अधिकांश हिस्सों में पारा ४० डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है इसलिए मनपा प्रशासन ने सलाह देते हुए कहा है कि गर्मी बढ़ी है। ऐसे में घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मतलब मार्च महीने में मुंबईकरों को मई वाला गर्मी चटका लगेगा। मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण नागरिकों में पहले से ही सांस की बीमारियां बढ़ गई हैं। बता दें कि मुंबई के मौसम में पिछले कुछ दिनों से बदलाव देखा जा रहा है। मुंबई में पारा लगातार बढ़ रहा है। मुंबई में शनिवार को दूसरा और रविवार को तीसरा सबसे गर्म दिन भी रहा। इस साल छह मार्च को पहला सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया था। बता दें कि शनिवार को तापमान ३८.५ डिग्री, जबकि रविवार को ३९.४ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने शनिवार को एमएमआर रीजन में लू की चेतावनी जारी की थी। मुंबई शहर में अधिकतम तापमान में ६.५ डिग्री सेल्सियस और उपनगरों में ६.४ डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। मुंबई उपनगरों में शनिवार को पूरे महाराष्ट्र में सबसे अधिक तापमान (३८.५ डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया, वहीं शहर में अब हर सप्ताह बदलते मौसम से मुंबईकर असमंजस में हैं।

# मुंबई में लिंग परिवर्तन करवाकर युवती बना शख्स फिर लगा ली फांसी

## वजह चौंकाने वाला है



**मुंबई :** मुंबई में सर्जरी के सहायता से लिंग परिवर्तन कराने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. 37 वर्षीय महिला एक टेलीविजन स्पोर्ट्स चैनल में काम करती थी. वह यशवंत नगर, गोरेगांव, मुंबई में अपने एक दोस्त के साथ रह रही थी. पुलिस ने कहा कि महिला की 2018 में लिंग परिवर्तन सर्जरी हुई थी. महिला निराश थी कि किसी ने उसे एक युवा महिला के रूप में स्वीकार नहीं किया. इस कारण वह लगातार तनाव में रहती थी.

घटना स्थल से पुलिस को एक टिकट भी बरामद हुआ है. महिला कोलकाता की रहने वाली है और काम के सिलसिले में मुंबई में रह रही थी. मुंबई आने के बाद उन्होंने सेक्स चेंज सर्जरी करवाई. पुलिस के मुताबिक महिला का मानसिक इलाज भी चल रहा था. वह 2019 से अपनी सहेली के साथ यशवंत नगर स्थित फ्लैट में रह रही थी.

रविवार को उसकी सहेली बाल कटवाने सैलून गई थी. जब वह वापस आई तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था. उसने कई बार दरवाजा बजाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला. फिर उसने अपनी चाबी से दरवाजा खोला. उसने देखा कि महिला का शव पंखे से लटका हुआ था. पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटना का पंचनामा कराया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

कुछ दिन पहले ऐसा ही मामला इंदौर से सामने आया था. यहां एक तराना लिंग परिवर्तन कर महिला बन गई थी. लेकिन फिर वह डिप्रेशन में चले गए. फिर उन्होंने 26 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली. उसने अपना नाम बदलकर पलक रख लिया और अपने बॉयफ्रेंड से शादी कर ली. उसके बाद पता चला कि जेंडर चेंज की वजह से उन्हें कई तरह की शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## आग बुझानेवाले सिलिंडर से घायल हुआ स्टेशन मास्टर



**विरार,** नालासोपारा स्टेशन के पूर्व दिशा की तरफ लगी हुई आग बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर सिलिंडर के फटने से विरार के स्टेशन मास्टर चोटिल हो गए हैं। दरअसल, आग बुझाने जा रहे स्टेशन मास्टर ने जैसे ही सिलिंडर को खोलने का प्रयास किया सिलिंडर फट गया, जिसकी वजह से उनके माथे पर गंभीर चोट आई है। घायल स्टेशन मास्टर का इलाज नालासोपारा स्थित रिद्धि विनायक हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारों का कहना है कि भारतीय रेलवे द्वारा बिना छानबीन किए ऐसे सिलिंडर का इस्तेमाल करने की अनुमति देना गैर जिम्मेदारी दशार्ता है।

# फर्जी पैथलैबों की भरमार, सत्ता पक्ष को घेरेगा विपक्ष!



**मुंबई,** सांगली में शुरू अवैध पैथलैबों के खिलाफ कार्रवाई को 'ईडी' सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. तानाजी सावंत द्वारा रोक दिए जाने का असर राज्य में दिखाई देने लगा है। अवैध पैथलैबों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर १४ मार्च से जतम में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन अनशन की चेतावनी दी है।

दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि मुंबई में भी फर्जी पैथलैबों की भरमार है। इन लैबों में ब्लड रिपोर्ट को सत्यापित करने का काम तकनीशियन करते हैं, वहीं इस समय विधानमंडल में बजटीय अधिवेशन शुरू है। ऐसे में कहा जा रहा है कि विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को घेरेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रचलित कानूनों के अनुसार, पैथोलॉजिस्ट के बिना लैब चलानेवालों पर महाराष्ट्र चिकित्सा व्यापार अधिनियम १९६१ की धारा ३३ के तहत कार्रवाई की जाती है। यह फर्जी डॉक्टरों पर की गई कार्रवाई है। ऐसी कार्रवाई को करने के लिए राज्यभर में फर्जी डॉक्टर समिति कार्यरत हैं। इन समितियों द्वारा इस तरह के पैथलैबों की खोजबीन कर फर्जी डॉक्टर के तौर पर मामला दर्ज करना अपेक्षित होता है। हालांकि, पैथोलॉजिस्ट संगठन ने आरोप लगाया है कि एकनाथ शिंदे-फडणवीस सरकार अवैध व्यापारियों को शह दे रही है।

# ईडी के खिलाफ राज्य भर में करेंगे जेल भरो आंदोलन - सुषमा अंधारे



**मुंबई,** केंद्र सरकार द्वारा स्वतंत्र एजेंसियों को हाथ में लेकर विरोधियों पर छापेमारी कर उनकी आवाज को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। ईडी की ओर से लगातार केवल विरोधी दलों के लोगों को ही टारगेट किया जा रहा है। इस पार्श्वभूमि पर राज्य भर में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए वरिष्ठ स्तर पर महाविकास आघाड़ी पदाधिकारियों के साथ भी चर्चा शुरू है। इस तरह की जानकारी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) उपनेता सुषमा अंधारे ने दी है।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष के शहर मध्यवर्ती कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में अंधारे ने उक्त बातें कहीं। इस दौरान शहर प्रमुख संजय मोरे, गजानन थरकूडे, आनंद भोईर उपस्थित थे। अंधारे ने कहा कि 'देश की स्वतंत्र एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर विभिन्न दलों के नौ प्रमुखों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पत्राचार किया है, इसका जवाब भाजपा नेता नहीं दे रहे हैं। हालांकि, उनके पूर्व सांसद किरीट सोमैया समय-समय पर पत्रकार परिषद लेकर कार्रवाई की जानकारी देते हैं। क्या ईडी के वही प्रमुख बन गए हैं?' ऐसा सवाल अंधारे ने किया। उन्होंने कहा कि 'वित्तीय अनियमितताओं का पदार्फाश करने के लिए इससे पहले प्रताप सरनाईक, आनंद अडसूल, भावना गवली, यशवंत जाधव, अर्जुन खोतकर के खिलाफ सोमैया ने मुहिम छेड़ा था। इस पर अब सोमैया शांत कैसे हो गए? उन्हें भेजी गई नोटिसों का क्या हुआ, इसका जवाब ईडी को देना चाहिए।' अंधारे ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर हम कोर्ट भी जाएंगे।

ईडी द्वारा शिवसेना नेता व सांसद संजय राऊत की हुई गिरफ्तारी अवैध थी। संबंधित मामले में उनकी कहीं भी संलिप्तता नहीं मिली। इस मामले में न्यायालय ने ईडी के विरोध में निरीक्षण दर्ज किया है, ऐसा अंधारे ने कहा।


राज्य में बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। हाथ में आई फसल बर्बाद हो गई है, वहीं प्याज की कीमत भी कबाड़ से भी कम है। इसलिए शिंदे-फडणवीस सरकार को किसानों के दुख को समझते हुए कोई रास्ता निकालना चाहिए। उन्हें मदद मुहैया कराने के लिए प्राथमिकता दिए जाने की मांग भी सुषमा अंधारे ने की।

ईडी के अधिकारी सत्यव्रत कुमार वर्ष २०१४ से २०२३ यानी ९ वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं। क्या उनकी कार्य प्रणाली पर किसी को भी आपत्ति नहीं है? क्या इतने सालों तक एक ही स्थान पर काम किया जा सकता है? क्या केंद्र सरकार की ओर से संबंधित अधिकारी को संरक्षण प्राप्त है? ईडी की हर कार्रवाई के बारे में किरीट सोमैया को कैसे जानकारी मिलती है? इसकी भी जांच होनी चाहिए। आज जो सूप में हैं, वह कभी भी जातें में जा सकते हैं, ऐसा सुषमा अंधारे ने कहा।

# स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय, महामारी के मामले भी बढ़ने लगे

**मुंबई,** कोरोना महामारी बीच के दिनों में थम गई थी। मरीज न के बराबर मिल रहे थे। दूसरे वायरसों के मामले नगण्य थे। ऐसा लग रहा था, जैसे वायरस (विषाणु) वैकेशन पर चले गए हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से कोरोना के साथ अन्य मामले बढ़ने लगे हैं, जिससे ऐसा लग रहा है कि विषाणु वैकेशन से लौट आए हैं। बीते दो-तीन महीनों से इन्फ्लुएंजा वायरस एच३एन२ कहर बरपाए हुए है। साथ ही यह लोगों के लिए मारक बनता जा रहा है। इसके लक्षण भी कोरोना की तरह बुखार और खांसी सहित फ्लू वायरस की तरह ही हैं।

डॉक्टरों का सुझाव है कि वायरस सामान्य परिस्थितियों में जानलेवा नहीं है। इस वायरस से पीड़ित लोगों का अस्पताल में भर्ती होना बहुत आम नहीं है और केवल पांच प्रतिशत मामलों में अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली है। दूसरी तरफ एच३एन२ विषाणु के साथ ही कोरोना भी एक बार फिर से क्रूरता दिखाना शुरू कर दिया है। कुछ दिनों से मुंबई और महाराष्ट्र समेत देश में इस महामारी के मामले भी बढ़ने लगे हैं, जो स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है।



# आर्केस्ट्रा बार पर छापा

## ७ गिरफ्तार, कैशियर, मैनेजर तथा ग्राहकों का समावेश



**भायंदर,** भायंदर-पूर्व की नवघर पुलिस ने फाटक रोड स्थित एक आर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर ७ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बार के कैशियर, मैनेजर तथा ग्राहकों का समावेश है।

नवघर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे को गुप्त जानकारी मिली कि फाटक रोड स्थित एक बार में आर्केस्ट्रा की आड़ में लड़कियों से डांस कराया जाता है तथा ग्राहकों द्वारा उन पर पैसे की बारिश की जाती है। सूचना के बाद पुलिस ने फर्जी ग्राहक भेजकर तहकीकात की तो वहां उपस्थित लड़कियों में से एक लड़की नीचे उतरकर डांस कर रही थी। फर्जी ग्राहक ने उसका वीडियो बनाकर पुलिस को सूचित किया। नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई के मार्गदर्शन में पुलिस ने छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# भूख से चार तेंदुओं की मौत !

**जंगल का जीवन बेहद अद्भुत होता है, जहां हर जानवर अपने जीवन के लिए दिन-रात संघर्ष करता है। किसी को अपनी भूख मिटाने के लिए शिकार करना पड़ता है जबकि किसी को अपनी जिंदगी बचाने के लिए लड़ना पड़ता है। ये जानवर भूख मिटाने के लिए अपनों का ही शिकार कर बैठते हैं।**

**मुंबई,** दरअसल, पुणे के जुन्नर वन विभाग क्षेत्र में पिछले चार महीनों में चार तेंदुओं की मौत हो गई। हालांकि, जब इनकी मौत की रिपोर्ट सामने आई तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। तेंदुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट



में बताया गया कि इन बेजुबान जानवरों की मौत भूख से हुई है और उन्होंने तड़प-तड़पकर अपनी जान दे दी।

मिली जानकारी के मुताबिक, जुन्नर वन विभाग क्षेत्र में सबसे अधिक तेंदुए रहते हैं। इस वन क्षेत्र के मंचर और शिरूर इलाके में चार तेंदुए मृत पाए गए थे। इन चारों तेंदुओं की मौत का मुख्य कारण भूख बताई जा रही है।

जुन्नर वन विभाग के संरक्षक अमोल सातपुते ने बताया कि पिछले दो वर्षों में तेंदुओं के बीच हमने संघर्ष देखा है। तेंदुए क्षेत्र के लिए आपस में ही लड़ते हैं। पिछले २ सालों में इनकी लड़ाई काफी बढ़ गई थी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। साथ ही पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन की वजह भी है। वहीं युवा और बूढ़े तेंदुओं का अपना क्षेत्र नहीं होता है। इसलिए उन्हें शिकार नहीं मिलता जबकि शिकार करने की क्षमता रखने वाले तेंदुए ज्यादातर इलाके में हावी हो जाते हैं। ऐसी स्थिति तब होती है जब जंगल में जानवरों की संख्या बढ़ जाती है। हालांकि, इस समस्या के

# साइबर ठगों ने लूट का नया पैंतरा

## अपनाते हुए पेंशन स्कैम को अंजाम दिया



**मुंबई,** मुंबई में साइबर अपराध के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। कभी केवाईसी के नाम पर तो कभी नेटबैंकिंग के नाम पर ठगों ने कितने लोगों को चूना लगाया है। अब साइबर ठगों ने लूट का नया पैंतरा अपनाते हुए पेंशन स्कैम को अंजाम दिया है।

मुंबई में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां साइबर अपराधियों ने खुद को प्रॉविडेंट फंड का कर्मचारी बताकर बुजुर्ग महिला को पेंशन में बढ़ोतरी का झांसा देकर लाखों का चूना लगा दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि उपनगरीय कॉलेज से वरिष्ठ क्लर्क के रूप में सेवानिवृत्त हुई ६४ वर्षीय महिला ने इसकी शिकायत की। पीड़ित महिला ने कहा कि एक दिन सुबह जब वो अपने घर पर थी तो उनके फोन पर संध्या रावत नाम की लड़की का कॉल आया। उसने दावा किया कि वह पीएफ ऑफिस की कर्मचारी है और शिकायतकर्ता का नाम, पैन और पीएफ खाता नंबर बता दिया। इससे महिला को उस पर आसानी से भरोसा हो गया। इसके बाद रावत ने उनसे कहा कि अगर वह निदेशों का पालन करती हैं तो उनकी पेंशन बढ़ जाएगी। शिकायतकर्ता को कुछ पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ित महिला को बताया गया कि सरकार एक छोटा प्रतिशत काट लेगी और उसे पेंशन के रूप में अधिक राशि का भुगतान करेगी। शिकायतकर्ता इस झांसे में आ गई और रावत के निदेशों के अनुसार रोजाना नेटबैंकिंग के माध्यम से राशि हस्तांतरित करना शुरू कर दिया। रावत ने अपने 'वरिष्ठ' हरीश त्यागी नाम के आरोपी को भी अपने साथ जोड़ा, जिसने शिकायतकर्ता को भुगतान जारी रखने के लिए उकसाया।

महिला ने सात दिनों तक इसी तरह बैंक से रुपए ट्रांसफर किए और ५.५ लाख रुपए खो दिए। उसके बाद महिला को आभास हुआ कि वो लोग उसके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्हें मालूम हुआ कि पेंशन के नाम पर एक रुपया भी अब तक नहीं मिला है। इसके बाद महिला ने पुलिस से संपर्क किया। उसने समता नगर पुलिस से इस मामले की शिकायत की। पुलिस ने आईपीसी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

## महाराष्ट्र: छात्राओं को कक्षा में दिखाया अश्लील वीडियो, प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक गिरफ्तार

**गोंदिया,** जिले के एक प्राथमिक विद्यालय के 52 वर्षीय शिक्षक को कथित तौर पर अपनी कक्षा में छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक शिकायत के आधार पर, धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल) और भारतीय दंड संहिता के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# वायु प्रदूषण के मामले में मुंबई टॉप पर

## कैसे खत्म होगा प्रदूषण?



**मुंबई,** वायु प्रदूषण के मामले में अन्य बड़े शहरों की तुलना में बहुत पीछे रहनेवाली मुंबई अब टॉप पर आ गई है। मुंबई में वायु प्रदूषण चरम पर है। पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण से मुंबईकरों को तमाम बीमारियों की समस्या होने लगी है। इस मामले में जब लोगों ने शोर मचाना शुरू किया, तब मनपा की और राज्य की 'मिंधे' सरकार की आंख खुली है और प्रदूषण पर अब प्रपंच शुरू हो गया है। राज्य की 'मिंधे' सरकार मुंबई में प्रदूषण रोकने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रही है तो मनपा प्रदूषण नियंत्रण के लिए कमेटी गठित कर मामले की लीपापोती में जुटी है। लेकिन हकीकत यह है कि मनपा द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं को कहीं भी रोकने का प्रयास नहीं किया गया, जिससे वायु प्रदूषण का टेंशन बढ़ गया है। कैसे प्रदूषण को कंट्रोल में किया जा सकता है, इसे लेकर अब मनपा और राज्य सरकार मंथन करने में लगी है। मनपा के पास अब तक प्रदूषण कम करने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं है तो वहीं 'मिंधे' सरकार ने जिस हवा शुद्ध करनेवाली मशीन को लगाने की घोषणा की है। लोगों ने उसे नकारा बताते हुए उसका विरोध किया है।

मनपा क्षेत्र में एक साथ बड़ी संख्या में निर्माणाधीन परियोजनाओं को शुरू किया गया। लगभग १० से अधिक मेट्रो लाइन, इमारत निर्माण, सड़क कंक्रीटाइजेशन, पुल निर्माण के साथ वाहनों की संख्या आदि में वृद्धि हुई है, जिसके चलते पिछले कुछ वर्षों मे मुंबई की वायु गुणवत्ता का स्तर नीचे गिर गया है। यह वायु गुणवत्ता अब स्वास्थ्य के लिहाज से घातक साबित होने लगी है।

मनपा मुंबई की चुनिंदा जगहों पर कुल १४ स्मॉग टॉवर (हवा शुद्ध करनेवाला यंत्र) लगाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा मुंबई में स्मॉग टॉवर लगाने की घोषणा के बाद यह कदम उठाया गया। यह टॉवर ३० फुट लंबा होगा, प्रत्येक स्मॉग टॉवर १ किलोमीटर के दायरे को कवर करेगा और रेडियो तरंग तकनीक के माध्यम से हवा को शुद्ध करने का काम करेगा। स्मॉग टॉवरों के लिए फ्लोटिंग टेंडर पर अंतिम निर्णय लेने से पहले मनपा मौसम विज्ञान और मुंबई की वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियों का आकलन करेगी।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com